प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुर्नवास कार्य युद्धस्तर पर जारी–राहत कार्यों में नहीं बरती जा रही कोताही।
- आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के कई मार्गों पर परिवहन निगम की टैंपो ट्रेवलर सेवाएं बहाल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदाग्रस्त सराज क्षेत्र में सड़कें खोलने के लिए जेसीबी व पोकलेन मालिकों से मांगी मदद।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शोंगटौंग जलविद्युत परियोजना का कार्य दिसम्बर 2026 से पहले पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुर्नवास कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। ये बात आज उन्होंने शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर परिसर में एक सौ 8 फुट ऊंची हनुमान ध्वजा के स्थापना समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान से अवगत कराया और सहायता का आग्रह किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उम्मीद जताई कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह हिमाचल के दौरे पर आएंगे तो प्रदेश को केंद्र सरकार से कुछ राहत अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से भी जल्द ही आपदा प्रभावितों को राहत पैकेज देगी।

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज छोटा शिमला में लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के लिए खुला व सुरक्षित है और वे यहां बिना किसी भय के आ सकते हैं।

*मानसून टूरिज्म का हमारा जो स्कोप है पूरे प्रदेश में है लेकिन बेसिकली जैसे बिलासपुरए हमीरपुर एलोवर पार्ट ऑफ कांगड़ा इसमें कभी कोई ऐसी बात नहीं होती है और जितने शहरी है जो नगर निगम है जैसे शिमला नगर निगम हैए मनाली नगर निगम है या कई और भी हैं उसमें भी कभी ऐसी कोई आपदा का ज्यादा प्रभाव नहीं होता। ग्रामीण परिवेश की जब आपदा के कारण ज्यादा प्रभावित होता है और जब बाढ़ आती है तो उससे ज्यादा नुकसान होता है तो मैं सभी टूरिस्टो को कहना चाहूंगा कि आप हिमाचल प्रदेश आइएए शांति से रहिए। 70 लाख की जनसंख्या यहां रहती है। हम सब शिमला में ही रहते हैं लेकिन एक सोशल मीडिया में इस प्रकार की तस्वीर चली जाती हैएपता नहीं पूरे हिमाचल प्रदेश में क्या हो रहा है*

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि मण्डी जिला के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के कई सड़क मार्गों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम ने टैंपो ट्रेवलर सेवाएं बहाल कर दी हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि टैंपो ट्रेवलर की शुरूआत होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम की ओर से अब बगस्याड़, जंजैहली, छतरी, सराची, थुनाग और चियूणी चेत सहित विभिन्न दुर्गम मार्गों पर टैंपो ट्रेवलर सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि इन सेवाओं को बगस्याड़ में निगम की अन्य बस सेवाओं से जोड़ा गया है जिससे यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडी सहित अन्य गंतव्य तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में नवाचार आधारित संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। शिमला में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्किल गैप विश्लेषण की दिशा में कार्य किया जा रहा है और विश्लेषण के बाद राज्य कौशल विकास योजना तैयार की जाएगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि युवाओं को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उनके न्यू ऐज आईडियाज को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सूक्ष्म, लघु उद्यमों और स्टार्टप इको सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है और उद्ययमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य में नवाचार केंद्र खोले जाएंगे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की पराली पंचायत के डकैड़ में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और ये संस्थान इसी दिशा में उठाया गया एक प्रभावी कदम है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस संस्थान में 2 सौ प्रशिक्षु प्रशिक्षण लेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह संस्थान प्रदेश में शैक्षिक नीतियों में सुधार, प्रबंधन कौशल के विकास, अनुसंधान को बढ़ावा देने, क्षमता निर्माण और मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मंडी जिले के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र में अभी तक भी कई सड़कें बाधित हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि लोकनिर्माण विभाग द्वारा मुख्य सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सेब सीजन के मद्देनजर सड़क बहाली के कार्य को गति देने की आवश्यकता है।

ऐसे में उन्होंने जेसीबी और पोकलेन मशीनों के मालिकों से आग्रह किया है कि यदि संभव हो तो वे अपनी मशीने सराज में मदद के लिए भेज सकते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सड़कों के न खुलने से गांवों तक बिजली–पानी की सप्लाई में भी लंबा समय लग रहा है।

*मैं आज विशेष तौर से एक अपील कर रहा हूं प्रदेश के हमारे जितने भी हमारे ऐसे महानुभाव हैं जिनके पास पोकलेन है जिनके पास जेसीबी है जिनके पास टिप्पर भी है अगर मदद में इस वक्त आगे आकर के हमारे साथ खड़े हो तो मैं उनका आभारी रहूंगा । अभी तक हमारी जल शक्ति विभाग की बहुत सारी स्कीम्स बंद है सड़क नहीं पहुंचने के कारण पाइपें नहीं पहुंच पा रही है वहां पर । बिजली की आपूर्ति प्रभावित है क्योंकि सड़क नहीं खुलने की वजह से पोल नहीं पहुंच रहा है कंडक्टर नहीं पहुंच पा रहा है।*

जगत सिंह नेगी

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि चार सौ 50 मैगावॉट की शोंग टौंग जलविद्युत परियोजना का करीब 60 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के निर्धारित लक्ष्य को दिसंबर 2026 से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। इस बीच जगत सिंह नेगी ने न्यायालयों के मुआवजे के दावों पर गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की।

मौसम

प्रदेश में पिछले दिनों भारी वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं के चलते अभी भी दो सौ 43 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि बिजली के 41 ट्रांसफार्मर और 61 पेयजल योजनाएं बंद हैं। 20 जून से लेकर अब तक इस मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 21 से 23 जुलाई तक राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

फीचर फिल्म

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, डेला बेला बदलेगी कहानी का भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी भारत का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है। नवनीत सहगल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रसार भारती का मिशन एक विश्वसनीय, परिवार–प्रथम मंच बनाना है जो भारत की विविधता और रचनात्मकता का उत्साह मनाए।